भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2915

बुधवार, दिनांक 05 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु

पश्चिम बंगाल में पीएम-एसजीएमबीवाई

2915. श्री राजू बिष्ट:

क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में, पश्चिम बंगाल के लिए राज्य-वार और जिला-वार प्रधानमंत्री-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना (पीएम-एसजीएमबीवाई) के तहत पंजीकृत परिवारों की संख्या कितनी है;

(ख) पीएम-एसजीएमबीवाई के तहत पश्चिम बंगाल में, विशेषकर दार्जिलिंग, कलिम्पोंग और उत्तर दिनाजपुर जिलों के जिन घरों में सोलर पैनल लगाए गए हैं, उनकी जिला-वार संख्या क्या है;

(ग) पश्चिम बंगाल में उक्त योजना के तहत पंजीकृत होने वाले संभावित परिवारों की जिला-वार लक्षित संख्या कितनी है;

(घ) इस योजना के तहत उत्पादित बिजली की मात्रा क्या है; और

(ड.) क्या उक्त योजना के लिए बिजली की अधिक मांग वाले शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) से (ड): पीएम सूर्य घर: मुफ्त् बिजली योजना (पीएमएसजी: एमबीवाई) एक मांग- संचालित योजना है, जिसमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश में उच्च बिजली मांग वाले सभी आवासीय उपभोक्ता, जिनके पास स्थानीय डिस्कॉम के साथ ग्रिड से जुड़ा बिजली कनेक्शन है, योजना के राष्ट्रीय पोर्टल (www.pmsuryaghar.gov.in) पर आवेदन करके आरटीएस प्रणाली की स्थापना के लिए योजना का लाभ उठा सकते हैं।

इस योजना के तहत, फरवरी 2024 में इसकी शुरुआत के बाद से, कुल 76,81,382 आवेदन प्राप्त हुए हैं, 41,19,791 रूफटॉप सौर (आरटीएस) प्रणाली स्थापित की जा चुकी हैं, जिससे दिनांक 31.07.2026 की स्थिति के अनुसार देश भर में 49,62,050 घर लाभान्वित हुए हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

इसी तरह, इस योजना के तहत फरवरी 2024 में इसकी शुरुआत के बाद से दिनांक 31.07.2026 की स्थिति के अनुसार पश्चिम बंगाल राज्य में कुल 3403 आरटीएस प्रणालियों की स्थापना की गई, जिनसे 3818 परिवार लाभान्वित हुए है। दार्जिलिंग, कलिम्पोंग और उत्तर दिनाजपुर जिलों सहित जिला-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

पश्चिम बंगाल की राज्य सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में पीएमएसजी: एमबीवाई के तहत राज्य में 2 लाख आरटीएस प्रणाली स्थापित करने के लक्ष्य रखा है।

पीएमएसजी: एमबीवाई के तहत, यह अनुमान लगाया गया है कि एक करोड़ घरों में आरटीएस स्थापना से आरटीएस प्रणालियों के 25 वर्षों के जीवनकाल के दौरान 1,000 बिलियन यूनिट नवीकरणीय बिजली का उत्पादन हो सकता है।

अनुलग्नक-I

'पश्चिम बंगाल में पीएम-एसजीएमबीवाई' के संबंध में पूछे गए दिनांक 05.08.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2915 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I

देश भर में एमबीवाई पीएमएसजी के तहत हुई प्रगति का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण: (दिनांक 31.07.2026 की स्थिति के अनुसार)

क्र. सं.	राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र	आवेदन (संख्या)	स्थापनाएँ (संख्या)	शामिल परिवार (संख्या)
1	गुजरात	1171567	773369	1117773
2	महाराष्ट्र	1450141	702461	1091035
3	उत्तर प्रदेश	1170693	715951	723615
4	केरल	421734	310544	317390
5	राजस्थान	455535	277861	286975
6	आंध्र प्रदेश	904508	266417	270932
7	मध्य प्रदेश	224600	158323	163708
8	असम	441052	162688	163269
9	ओडिशा	299481	153684	154776
10	हरियाणा	193038	117135	127065
11	तमिलनाडु	105040	87039	103004
12	उत्तराखंड	142028	97219	97583
13	छत्तीसगढ	193312	84677	87171
14	तेलंगाना	86897	55596	71367
15	जम्मू और कश्मीर	86287	39415	39568
16	कर्नाटक	56257	23185	35683
17	बिहार	90328	24774	25416
18	पंजाब	26904	17487	17496
19	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	53987	10748	15729
20	हिमाचल प्रदेश	17352	11992	12025
21	मेघालय	1008	61	9307
22	पुदुचेरी	6532	4873	4950
23	गोवा	4567	3386	4627
24	त्रिपुरा	7922	4519	4531
25	पश्चिम बंगाल	44524	3403	3818
26	झारखंड	10376	3331	3561
27	लद्दाख	2647	2050	2050

28	मणिपुर	3307	1571	1571
29	चंडीगढ़	1632	1386	1386
30	मिजोरम	1509	1367	1370
31	लक्षद्वीप	1394	1199	1199
32	दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव	3422	1156	1156
33	नगालैंड	889	449	449
34	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	677	415	435
35	सिक्किम	158	59	59
36	अरुणाचल प्रदेश	77	1	1
	कुल	**76,81,382**	**41,19,791**	**49,62,050**

अनुलग्नक-II

'पश्चिम बंगाल में पीएम-एसजीएमबीवाई' के संबंध में पूछे गए दिनांक 05.08.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2915 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-II

पश्चिम बंगाल राज्य में पीएमएसजी एमबीवाई के तहत हुई प्रगति का जिलेवार विवरण: (दिनांक 31.07.2026 की स्थिति के अनुसार)

क्र. सं.	**ज़िला**	**आवेदन (संख्या)**	**स्थापना (संख्या)**	**कवर किए गए परिवार (संख्या)**
1	अलीपुरद्वार	417	19	19
2	बांकुड़ा	2425	62	62
3	बीरभूम	2677	127	127
4	कूच बिहार	413	43	43
5	दक्षिण दिनाजपुर	406	40	40
6	दार्जिलिंग	852	42	42
7	हुगली	2502	329	329
8	हावड़ा	1520	114	114
9	जलपाईगुड़ी	542	32	32
10	झारग्राम	758	14	14
11	कलिम्पोंग	43	0	0
12	कोलकाता	3336	1044	1416
13	मालदा	890	26	26
14	मुर्शिदाबाद	4208	109	124
15	नादिया	2922	149	149
16	उत्तर 24 परगना	3123	340	340
17	पश्चिम बर्धमान	1516	154	182
18	पश्चिम मेदिनीपुर	2559	158	158
19	पूर्ब बर्धमान	3582	185	185
20	पूर्व मेदिनीपुर	6946	143	143
21	पुरुलिया	299	16	16
22	दक्षिण 24 परगना	2026	131	131
23	उत्तर दिनाजपुर	562	126	126
	कुल	**44524**	**3403**	**3818**

*****